(b) the steps being taken to improve matters?

The Minister of Mines and Fuel (Shri K. D. Malviya): (a) and (b). There has been improvement in the loading of coal on Sundays in the West Bengal Bihar coalfields, which comprise about 80 per cent of the coal loading in the country. The loading on Sundays in the outlying coalifields has, however, not come up to expectations. The coal producers have been advised to stagger rest days and holidays. Periodical meetings are also held with them to further step up the loading on Sundays and holidays.

विश्व विद्यालयों के लिये आदर्श विधान

*६१९. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विश्वविद्यालयों के लिये एक आदर्श विधान बनाने का प्रश्न विचाराधीन था ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक क्या प्रगति हुई है ; और

(ग) क्या इस आधार पर बनारस और अलीगढ़ विश्वविद्यालयों के लिये विधान की रूपरेखा बन गई है ?

शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली: (क) और (ख). इस प्रश्न पर विचार करने के लिये नियुक्त "विश्वविद्यालयों के लिये आदर्श नियम" समिति, आशा है शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी ।

(ग) समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो जाने के बाद इस विषय पर विचार किया जाएगा ।

असिस्टेंटों के लिए सलेक्शन ग्रेड

*६२०. **श्री भक्त दर्शन** : क्या गृह-**कार्य** मंत्री १३ अगस्त, १९६२ के अतारांकित प्रश्न संख्या ५५६ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि असिस्टेंटों के लिये सेलेक्शन ग्रेड प्रारम्भ करने का जो प्रश्न विचाराधीन था, उसके बारे में क्या निश्चय किया गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : इस विषय पर पूरी तरह विचार किया गया परन्तु असिस्टेंटों के लिये सेलेक्शन ग्रेड प्रारम्भ करना आवश्यक नहीं समझा गया ।

धार्मिक तथा नैतिक शिक्षा

*६२१. **श्री भक्त दर्शन :**
श्री रामेश्वरानन्द :
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री कछवाय :
श्री बड़े :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि धार्मिक तथा नैतिक शिक्षा के बारे में जो विशेष समिति कुछ समय पहले नियुक्त की गई थी, उसने कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की थीं ; और

(ख) यदि हां, तो उन सिफारिशों पर कहां तक अमल किया गया है ?

शिक्षा मंत्री (डा० का०ला० श्रीमाली:) (क) जी हां ।

(ख) नैतिक तथा धार्मिक शिक्षा के बारे में नियुक्त **श्री प्रकाश समिति की मुख्य मुख्य सिफारिशों और उन पर अब तक की** गई कार्रवाइयों से सम्बन्धित विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है । पुस्तकालय में रखा गया, [**देखिये** संख्या एल. टी-१०३७।६३ ।]